तू जो डालेगी हम पर नजरियां

तू जो डालेगी हम पर नजरियां,
खुल जायेगे किस्मत के ताले,
आके दरबार तेरे ओ मैया कर दियां खुद को तेरे हवाले,

हम को तेरा भरोसा है मैया तू ही विनती सुनेगी हमारी,
डूबने को है किस्मत का तारा आके तू ही उसे बचा ले,
तू जो डालेगी हम पर नजरियां,

सौंप कर अपना जीवन तुझे माँ हो गये है बेफिक्र हम अब,
रंक को राजा तू ही बनाये खेल तेरे जहां में निराले,
तू जो डालेगी हम पर नजरियां,

लड़खड़ाने लगे है कदम अब साथ देंगे ये कब तक मेरा माँ,
खाख में मिलने से पहले मुझको देके अपना सहारा उठा ले,
तू जो डालेगी हम पर नजरियां,

माँ दिखाई न दे रहा मुझको हर तरफ छाया दुःख का अँधेरा,
तेरी रेहमत से छट जायेगे ये छाए है जो गम के बादल काले,
तू जो डालेगी हम पर नजरियां,

मतलबी दुनिया है सारी मियां वक़्त पे काम आई न मेरे,
मिल न पाया सुखो से जहां में अपने अंचल में मुझको छुपा ले,
तू जो डालेगी हम पर नजरियां,

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/13232/title/tu-jo-daalegi-hum-par-najariyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |